हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार व स्वरोजगार... 10



पाम संडे पर उमड़ा आस्था का सैलाब खजूर की... 10

## खबर संक्षेप

### सहायक शिक्षकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची की गई जारी

**जगदलपुर।** शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा सहायक शिक्षक एलबी (ई एवं टी संवर्ग) की प्रतीक्षित अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। 1 अप्रैल 2025 की स्थिति के आधार पर तैयार की गई इस संभाग स्तरीय सूची में स्नातक, स्नातकोत्तर और प्रशिक्षित श्रेणी के शिक्षकों को शामिल किया गया है। विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त डेटा के संकलन के पश्चात यह सूची तैयार की गई है, जो अब शिक्षकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने सहायक शिक्षकों को अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर भी प्रदान किया है। संबंधित शिक्षक सूची में अंकित किसी भी त्रुटि या विसंगति के विरुद्ध 11 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक विकासखंड अथवा जिला स्तर पर अपनी दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सकारात्मक प्रतिक्रिया साझा कर मध्यप्रदेश की टीम ने जीता दिल

**जगदलपुर।** धरमपुरा में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ने न केवल खेल कौशल के प्रदर्शन का मंच दिया है, बल्कि अपनी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं से देशभर से आए खिलाड़ियों और कोचों का मन भी मोह लिया है। इस भव्य आयोजन के बीच मध्यप्रदेश की टीम ने यहाँ के आतिथ्य और सुविधाओं को लेकर अपनी बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया साझा की है। मध्यप्रदेश टीम के कोच राहुल गुर्जर ने स्थानीय प्रशासन और खेल प्रबंधन की सराहना करते हुए बताया कि जगदलपुर में उनके ठहरने से लेकर परिवहन तक के सभी इंतजाम विश्व स्तरीय हैं। उन्होंने विशेष रूप से खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई गई अलग बस सेवा का जिक्र करते हुए कहा कि इससे खेल मैदान तक आने-जाने में टीम को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

# गैस वितरण में डोर-टू-डोर डिलीवरी को दी जाएगी प्राथमिकता

## गोदामों पर भीड़ लगाने वाली एजेंसियों पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के विभिन्न गैस सिलेंडर गोदामों पर उमड़ रही भीड़ और अव्यवस्था की खबरों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशासनिक अमले को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल गैस गोदामों का निरीक्षण करें और जहां भी भीड़ की स्थिति निर्मित हो रही है, वहां मजिस्ट्रेट की तैनाती कर स्थिति का जायजा लें। कलेक्टर ने कहा है कि नागरिकों को किसी भी तरह से घबराने या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में हरिभूमि ने आज प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। कलेक्टर ने एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी गैस एजेंसियों को सख्त हिदायत दी है कि वे गोदामों पर भीड़ जमा करने के बजाय निर्धारित समय सीमा के भीतर डोर-टू-डोर डिलीवरी को प्राथमिकता दें। प्रशासन का मुख्य जोर इस बात पर है कि उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही सुगमता से सिलेंडर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने खाद्य विभाग और राजस्व अधिकारियों को कालाबाजारी और जमाखोरी करने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखने तथा उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

### अतिरिक्त राशि लेने पर होगी कार्रवाई: छिकारा

कलेक्टर श्री छिकारा ने विशेष रूप से ओवररेटिंग की शिकायतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा है कि यदि कोई गैस एजेंसी अतिरिक्त राशि लेकर प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर प्रदान करती पाई जाती है, तो उस पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

खबर का असर


बुकिंग सिस्टम बदला, अब मिस कॉल-ओटीपी के बाद भी लंबी वेटिंग
खाड़ी जंग की आंच रसोई तक, गैस सिलेंडर के लिए 35-45 दिन का इंतजार, उपभोक्ता बेहाल

### सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता अनिवार्य

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता अनिवार्य है और किसी भी स्तर पर उपभोक्ताओं के शोषण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में गैस की आपूर्ति निरंतर बनी रहे और आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूरा प्रशासन सजग है।

हंगामे के बीच विकास का बिगुल, विरोध के बीच शहर सरकार का बजट पेश

# महापौर ने पेश किया 2.40 अरब का बजट, 39 लाख का घाटा फिर कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम में सोमवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब महापौर संजय पांडे ने 2026-27 का बजट सदन में प्रस्तुत किया। बजट भाषण शुरू होते ही विपक्षी कांग्रेस पार्षद नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में स्पीकर के समीप धरने पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। भारी शोर-शराबे के बीच महापौर अपना भाषण पढ़ते रहे, लेकिन हालात बिगड़ने पर कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी। आधे घंटे बाद पुनः बैठक शुरू हुई और हंगामे के बीच ही बजट पारित कर दिया गया।

इस बार नगर निगम का कुल बजट 2 अरब 40 करोड़ 53 लाख रुपए रखा गया है, जबकि व्यय 2 अरब 40 करोड़ 92 लाख रुपए अनुमानित है। इस प्रकार करीब 39 लाख रुपए का घाटा दशार्या गया है। खास बात यह रही कि महापौर ने अपने दूसरे बजट में किसी भी प्रकार के कर में वृद्धि नहीं की है। उन्होंने इसे शहर के संतुलित विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया बजट बताया। बजट में जलप्रदाय व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए 3000 लाख, स्वच्छता व्यवस्था के लिए 1000 लाख और विद्युत व्यवस्था सुधार के लिए 300 लाख का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थलों पर हाईमास्ट सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट विस्तार और सार्वजनिक स्थानों का आधुनिकीकरण शामिल है। साथ ही तालाबों के जीर्णोद्धार, पार्कों के सौंदर्यीकरण, बाजारों के विकास, मुक्तिधाम उन्नयन और चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।






### अधोसंरचना, पार्किंग, ट्रैफिक समाधान की बड़ी तैयारी

बजट में अधोसंरचना विकास पर जोर देते हुए नगरोन्नयन योजना के तहत 400 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे सड़कों का चौड़ीकरण, नई सीसी रोड, आधुनिक नाली एवं ड्रेनेज सिस्टम, पुल-पुलिया निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे। शहर की बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए इतवारी बाजार, गोल बाजार, गांधी मैदान और प्रमुख व्यवसायिक परिसरों में मल्टीलेवल व अंडरग्राउंड पार्किंग विकसित करने की योजना बनाई गई है, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम हो सके।

### बस स्टैंड बनेगा शहर की नई पहचान

अंतरराज्यीय कुशाभाऊ ठाकरे बस स्टैंड के कायाकल्प के लिए 500 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिसमें आरामदायक वेटिंग हॉल, स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, डिजिटल सूचना बोर्ड, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजाम शामिल हैं। महापौर ने इसे शहर की पहली छवि बताते हुए कहा कि बस स्टैंड को आकर्षक और सुविधाजनक बनाना प्राथमिकता है।

# बेमौसम बारिश से खरीदी केंद्रों में भीगे धान के बोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



■ अचानक शाम को बारिश होने से जनजीवन प्रभावित

प्रदेश में इन दिनों अधिकतम तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है और मौसम सामान्यतः शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में सोमवार शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान 11.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई, विशेषकर धरमपुरा मार्ग पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा,जिससे राहगीरों और दुपहिया चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां अधिकतम तापमान 36.7 डिग्रिऔर न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अचानक हुई बारिश से कई धान खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे रखे हजारों क्विंटल धान भीग गए। केंद्र प्रभारी धान को कवर से ढंक पाते, उससे पहले ही बारिश शुरू हो गई, जिससे नुकसान की आशंका बढ़ ⏭ शेष पेज 10 पर

### चक्रवाती परिसंचरण के कारण मौसम तेजी से बदल रहा

प्रदेश में फिलहाल गर्मी और शुष्क मौसम का दौर जारी है, लेकिन वातावरण में बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण मौसम तेजी से बदल रहा है। जगदलपुर में अचानक हुई बारिश ने जहां तापमान में राहत के संकेत दिए हैं,वहीं जलजमाव और धान भीगने जैसी समस्याएं भी सामने आई हैं। आने वाले दिनों में मौसम का यह उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है, जिसमें हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और वज्रपात की संभावना बनी हुई है। ऐसे में किसानों, राहगीरों और आम नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए की जाएगी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक में कलेक्टर छिकारा ने दिया भरोसा

बस्तर जिले में औद्योगिक विकास की गति को तेज करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्टर आकाश छिकारा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक की शुरुआत में उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक अजीत सुंदर बिलुंग ने जिले में स्थापित हो रहे नवीन उद्योगों, औद्योगिक क्षेत्रों और औद्योगिक पार्कों के साथ-साथ नवीन औद्योगिक विकास नीति के नियमों, प्रावधानों और स्टार्टअप कार्यशालाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। बैठक में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि, जूनियर बस्तर चेम्बर के अध्यक्ष व सदस्य तथा लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान उद्यमियों ने उद्योग स्थापना के मार्ग में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को प्रमुखता से कलेक्टर के समक्ष रखा। उन्होंने विशेष रूप से बिजली कनेक्शन की अनुमति में होने वाली देरी, फैक्ट्री लाइसेंस की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की प्राप्ति में लगने वाले अधिक समय जैसी समस्याओं से अवगत कराया। इन बिंदुओं पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने उद्यमियों को संबोधित करते हुए बस्तर के सर्वांगीण विकास में आवश्यक सहयोग प्रदान करने और नए उद्योग स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के ⏭ शेष पेज 10 पर



# छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग एनएसयूआई ने सम्भाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएसयूआई द्वारा शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। छात्र नेताओं ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है,जिससे छात्रों को नेतृत्व विकसित करने और अपनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखने का अवसर मिलता है। वर्ष 2015 से चुनाव बंद होने के कारण छात्रों की समस्याएं प्रशासन तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रही हैं,जिससे उनका प्रतिनिधित्व भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं,साथ ही चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया, जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी, प्रदेश सचिव शेख अय्याज, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव गोविन्द कश्यप,छात्र नेता नुरेंद्र साहू,कुनाल पटेल, कुलेश्वर सेठिया,लिनेश बघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# जगरगुंडा में सिविक एक्शन प्रोग्राम 600 से अधिक ग्रामीणों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/सुकमा

■ जरुरतमंदों को बांटी सामग्री विश्वास और सहयोग को मिला बल

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 226वीं बटालियन द्वारा सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र में एक व्यापक जनकल्याण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना और उनके बीच विश्वास तथा सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा। इस दौरान जगरगुंडा, मिसीगुड़ा, परलगट्टा, बैनपल्ली, कमाराम, अचकाट, कमारगुड़ा सहित आसपास के गांवों और पारा से 600 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर योजना का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सामग्री जैसे नोटबुक, पेन, स्कूल बैग, ड्राइंग किट के साथ ही सोलर लैंप, पानी टैंक, टिन शीट जैसी उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। इसके अलावा खेल सामग्री, घरेलू उपयोग के बर्तन, वस्त्र, मच्छरदानी, कंबल और आजीविका से जुड़ी सामग्री जैसे साइकिल, सिलाई मशीन, फावड़ा एवं अन्य उपकरण भी प्रदान किए गए। साथ ही आयोजित चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं तथा कार्यक्रम के अंत में सभी को भोजन भी कराया गया, जिससे आपसी सद्भाव और विश्वास को और मजबूती मिली। ग्रामीणों से संवाद के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, ⏭ शेष पेज 10 पर



# दंपतियों को मिला सामंजस्य और सकारात्मक सोच का मंत्र

## रिश्तों में समझ और संवाद की नई पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ जेसीआई कपल ट्रेनिंग कार्यक्रम

जेसीआई सिटी द्वारा आयोजित कपल ट्रेनिंग प्रोग्राम उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पहल का उद्देश्य दंपत्तियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, आपसी समझ को मजबूत बनाना और रिश्तों में स्थायित्व लाना रहा। कार्यक्रम में शामिल कपल्स ने सहभागिता करते हुए अपने वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न इंटरएक्टिव सेशन, ग्रुप डिस्कशन और एक्टिविटीज के माध्यम से प्रतिभागियों को एक-दूसरे के विचारों को समझने का अवसर मिला। इन सत्रों ने न केवल आपसी संवाद को बढ़ावा ⏭ शेष पेज 10 पर

## धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का भव्य शुभारंभ

# महाराष्ट्र और अरुणाचल के धावकों ने बिखेरी स्वर्णिम चमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में सोमवार को चार दिवसीय खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन के पहले ही दिन देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय एथलीटों ने अपनी खेल कुशलता का परिचय दिया। एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में विशेष रूप से 5000 मीटर की दौड़ आकर्षण का केंद्र रही, जहां धावकों के बीच सेकंड के सौवें हिस्से तक की कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस दौरान 110 मीटर बाधा दौड़ पुरूष एवं महिला वर्ग का पहला राउंड और 400 मीटर दौड़ महिला एवं पुरूष के पहले राउंड की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में महाराष्ट्र के धावकों ने ट्रैक पर अपना एकतरफा दबदबा कायम किया। महाराष्ट्र के गोविंद प्रकाश पाड़ेकर ने 15.11.35 का शानदार समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके ठीक पीछे छाया की तरह चल रहे उन्हीं के राज्य के सूरज जयराम माशी ने 15.11.64 के समय के साथ रजत पदक हासिल कर महाराष्ट्र की झोली में दोहरी सफलता डाल दी। इसी स्पर्धा में मध्य प्रदेश के रंगलाल दोदियार ने 15.22.48 के समय के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। वहीं महिलाओं की 5000 मीटर स्पर्धा में पूर्वोत्तर भारत की प्रतिभा का लोहा देखने को मिला। अरुणाचल ⏭ शेष पेज 10 पर





### महाराष्ट्र एक स्वर्ण व रजत के साथ शीर्ष पर

पहले दिन की खेल समाप्ति के बाद पदक तालिका में महाराष्ट्र एक स्वर्ण और एक रजत के साथ शीर्ष स्थान पर काबिज है, जबकि अरुणाचल प्रदेश एक स्वर्ण पदक जीतकर दूसरे स्थान पर बना हुआ है। मध्यप्रदेश ने एक रजत और एक कांस्य के साथ अपनी स्थिति मजबूत की है, वहीं नागालैंड एक कांस्य पदक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। बस्तर की धरती पर शुरू हुआ यह खेल महाकुंभ आने वाले तीन दिनों में और भी रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनेगा, जहां जनजातीय युवा अपनी खेल प्रतिभा से राष्ट्रीय मंच पर नई इबारत लिखेंगे।

## खबर संक्षेप



### सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में 'समर फिएस्टा 2026' का समापन

**कोण्डागांव।** शहर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में आयोजित समर फिएस्टा 2026 का समापन समारोह 29 मार्च को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। आठ दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर के दौरान खेल, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंचल तिवारी द्वारा किया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बास्तानार के ग्राम बरछेपाल निवासी लखमू की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नी आयते को और तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम इरिकपाल निवासी घीनू की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नी चमेली बाई को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### महावीर जन्म कल्याणक पर श्रद्धा का संगम



**जगदलपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर शहर में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला के तहत ओसवाल जैन समाज द्वारा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में वाटर फ्रंट सोसाइटी में "एक शाम प्रभु महावीर के नाम" भक्ति संध्या श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित हुई। दीप प्रज्वलन और महिला मंडल द्वारा नवकार मंत्र के मधुर गायन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डोंगरगांव से पधारे गायक सुमित लोढ़ा एवं उनकी टीम ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। द्वितीय चरण में ओसवाल भवन में कुशल महिला मंडल द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। ग्रुप ए में दीक्षा तातेड़ एवं नेहा तातेड़ प्रथम, छवि टाटिया एवं रूपल टाटिया द्वितीय तथा मानसी टाटिया एवं छाया टाटिया तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं ग्रुप बी में आराध्या कागोत एवं शिवि कागोत ने प्रथम तथा निविका दुग्गड़ एवं रूही दुग्गड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भक्ति संध्या में लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया।

### 40 वर्षों तक सेवा देने वाले कोटवार बुधु का निधन

**फरसगांव।** ग्राम फरसगांव निवासी एवं कोटवार रहे बुधु नेताम (70 वर्ष) का सोमवार की सुबह स्वास्थ्य खराब होने के चलते निधन हो गया। बुधु नेताम ने लगभग 40 वर्षों तक ग्राम पंचायत से लेकर नगर पंचायत बनने तक निरंतर अपनी सेवाएं दीं। अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव के कारण वे क्षेत्र में एक सम्मानित व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके योगदान को गांववासी हमेशा याद रखेंगे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर कराएं उपलब्ध

## कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

समयसीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं जाएं। कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी विभाग को आजीविका से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए खाद्य विभाग को आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पर्याप्त राशन भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को धान उठाव कार्य में तेजी लाने के लिए कहा।



#### प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, किसान सम्मान निधि, पोषण अभियान, जल जीवन मिशन एवं होम स्टे योजना की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एकता का दिया संदेश

# पाम संडे पर उमड़ा आस्था का सैलाब खजूर की डालियों के साथ निकली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं की गईं आयोजित

पाम संडे के अवसर पर शहर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। शहर की विभिन्न चर्चों से निकली रैलियों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा शहर होसन्ना–होसन्ना तथा प्रभु यीशु के जयघोष से गूंज उठा। पाम संडे के पावन अवसर पर श्रद्धालु हाथों में खजूर पाम की डालियां लेकर प्रभु यीशु के यरूशलेम प्रवेश की स्मृति में रैली में शामिल हुए। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक साथ चलकर आस्था और एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। फादर और धर्मगुरुओं ने प्रभु यीशु के जीवन, उनके त्याग और प्रेम के संदेश पर प्रकाश डालते हुए सभी को सेवा, करुणा और क्षमा का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। रैली के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक गीतों और प्रार्थनाओं के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। बच्चों और युवाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।



#### शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश

पाम संडे का यह पर्व प्रभु यीशु के यरूशलेम आगमन की याद में मनाया जाता है, जो शांति, प्रेम और विनम्रता का प्रतीक है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की बेहतर व्यवस्था की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कोंडागांव में पाम संडे का यह आयोजन आस्था, एकता और प्रेम का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

## चलते ट्रक से गिरीं बोरियां, रोड में गिरे धान के लिए मची लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- बोरी, बाल्टी सहित अन्य बर्तनों में भरने से जाम की स्थिति बनी

नगर के साप्ताहिक बाजार के दिन फरसगांव-रांधना रोड में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब धान की बोरियों से भरे एक ट्रक से अचानक 4-5 बोरी सड़क पर गिर गईं और फट गईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। गिरे हुए धान को उठाने लोगों में होड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धान गिरते ही लोग बाल्टी, बोरी और अन्य बर्तनों के साथ बटोरने में जुट गए। देखते ही देखते सड़क पर भारी भीड़ लग गई, जिससे करीब 5 बजे यातायात बाधित हो गया और जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर सड़क खाली करवाया। पुलिस की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया और यातायात सामान्य हो सका। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन कुछ समय के लिए बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था का माहौल बना रहा।

## शिशु मंदिर में माता लिंगेश्वरी शिक्षण समिति का पुनर्गठन, प्रवीर बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में 30 मार्च को माता लिंगेश्वरी शिक्षण समिति की कार्यकारिणी का पुनर्गठन संपन्न हुआ। इस दौरान कांकेर से आए चुनाव अधिकारी भरत मटियारा की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कराई गई। बैठक की शुरुआत समिति के सदस्यों के चयन से हुई। नियमानुसार निष्क्रिय पुराने सदस्यों को प्रस्ताव पारित कर कार्यकारिणी से अलग किया गया। इस अवसर पर आजीवन सदस्य, स्थायी सदस्य, साधारण सदस्य एवं मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से प्रवीर सिंह बदेशा को व्यवस्थापक सचिव चुना गया। वहीं सह-सचिव के रूप में भास्कर सिंह वर्मा, अध्यक्ष पद पर दीपेंद्र कुमार मसीह, उपाध्यक्ष के रूप में उत्तम कुमार घोष तथा कोषाध्यक्ष के रूप में उग्रेशचंद्र मरकाम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा सदस्य के रूप में श्रीमती शशिकला सोनी, मार्त्तण्ड प्रताप सिंह, अनिल बाजपेई, प्रवीण पांडे और कमलोचन नेताम को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव अधिकारी भरत मटियारा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में विभाग समन्वयक संगम लाल पांडे, विद्यालय के आचार्य बसंत कौशिक, कीर्तन यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रफ्तार का रोमांच, बस्तर की नई पहचान, 'राइडर्स मीट 2026' से खुलेगा पर्यटन का नया अध्याय

**जगदलपुर।** बस्तर अब अपनी पारंपरिक छवि से आगे बढ़कर रोमांचक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। 4 अप्रैल को 'बस्तर राइडर्स मीट 2026' का भव्य आयोजन पहली बार यहां होने जा रहा है, जो रफ्तार, रोमांच और संस्कृति का अनोखा संगम पेश करेगा। 'गरुड़ा द राइडर्स क्लब' के तत्वावधान में आयोजित यह मेगा इवेंट बस्तर को सुरक्षित और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने की पहल माना जा रहा है। उक्त जानकारी आयोजक और राइडर्स चंदन दास ने सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। दास के अनुसार इस आयोजन में देशभर के साथ-साथ जर्मनी से भी प्रोफेशनल राइडर्स के शामिल होने की संभावना है। 500 से अधिक बाइकर्स ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर डर्ट बाइक रेस और रोमांचक स्टंट का प्रदर्शन करेंगे। बस्तर में पहली बार होने जा रही इस तरह की प्रतियोगिता स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगी और एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति उनका रुझान बढ़ाएगी। आयोजक दास ने पत्रकारों को बताया 5 अप्रैल को जगदलपुर से चित्रकोट जलप्रपात तक भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें पुलिस बल के जवान भी शामिल होंगे। यह रैली सड़क सुरक्षा और हेलमेट के महत्व का संदेश देगी। आयोजन में सुपर-बाइक्स की प्रदर्शनी,स्थानीय कलाकारों और संगीतकारों के प्रदर्शन के साथ बस्तर की पारंपरिक संस्कृति और व्यंजनों की झलक भी देखने को मिलेगी, जिससे पर्यटन को नया आयाम मिलेगा।




## पेज 9 के शेष

### बेमौसम बारिश से....

गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़ और आंतरिक ओडिशा तक समुद्र तल से लगभग 0.9 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण और निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय है। इसके प्रभाव से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। साथ ही गरज-चमक, वज्रपात और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। आगामी दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा, कहीं-कहीं ओलावृष्टि और 40-50 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं के भी आसार हैं।

### उद्यमियों की समस्याओं ....

अवसर सृजित करने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इसी क्रम में कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने भी उद्यमियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने औद्योगिक विकास नीति के अंतर्गत होम-स्टे सेवा इकाई की स्थापना पर विशेष जोर दिया और उद्यमियों को इसके लिए प्रेरित करते हुए शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छूट और अनुदानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### जगरगुंडा में सिविक ....

शिक्षा को बढ़ावा देना और उन्हें नकारात्मक प्रभावों से दूर रखना है। उन्होंने सुरक्षा बलों की ओर से क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों के कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर आईजी (छत्तीसगढ़) शालिन, डीआईजी (ऑप्स) सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित के मार्गदर्शन में 226वीं बटालियन के कमांडर टाइगर एच.पी. सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जनसंपर्क से मजबूत हो रहा भरोसा : सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के बीच संवाद और सहयोग की एक सशक्त कड़ी स्थापित हो रही है,जहां एक ओर जरूरतमंदों को शिक्षा,स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी सहायता मिल रही है,वहीं दूसरी ओर ऐसे प्रयासों से क्षेत्र में विश्वास,शांति और विकास का वातावरण भी सुदृढ़ हो रहा है,जिससे ग्रामीण स्वयं को मुख्यधारा से जुड़ा महसूस कर रहे हैं और सुरक्षा बलों के प्रति उनका भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

### दंपतियों को मिला ...

दिया, बल्कि रिश्तों में पारदर्शिता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला अनुभव बताया। जाने-माने ट्रेनर अनूप मुंद्रा ने अपने प्रभावशाली सत्र में वैवाहिक जीवन में सामंजस्य, सकारात्मक सोच और बेहतर कम्युनिकेशन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके व्यावहारिक उदाहरणों और सहज प्रस्तुति ने उपस्थित दंपत्तियों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे और भी उपयोगी आयोजन करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जेसीआई जगदलपुर सिटी के अध्यक्ष नितिन खत्री, सचिव यश बोथरा सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र और अरुणाचल ...

प्रदेश की नेदी नगी ने 18.24.66 की रफ्तार के साथ दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीतते हुए अपनी राज्य का मान बढ़ाया। इस मुकाबले में मध्य प्रदेश की आरती डावर ने 18.19.28 के समय के साथ कड़ा संघर्ष करते हुए रजत पदक अपने नाम किया, जबकि नागालैंड की टी सूचोई टी ने 18.35.68 के साथ कांस्य पदक जीता।

## एलपीजी गैस एवं पेट्रोल डीजल की उपलब्धता नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कोण्डागांव।** जिले में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक जारी किया गया है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा यह व्यवस्था लागू की गई है। राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जो आपूर्ति व्यवस्था की नियमित समीक्षा करेगी। समिति एलपीजी गैस, पेट्रोल–डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और वितरण प्रणाली की निगरानी करेगी। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अन्य दुरुपयोग के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कोण्डागांव में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया। संस्थान के पहले चरण में स्व सहायता समूह की 32 महिलाओं के लिए बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विधायक श्री टेकाम ने कहा कि यह संस्थान आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा।

#### महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं के प्रशिक्षण से शुरुआत होना सकारात्मक कदम है, जिससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस पहल से जिले में स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं बैंकिंग सेवाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी।

## किसानों को आधुनिक एवं डिजिटल सेवाओं से जोड़ा, 59 किसानों को मिली किसान किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- किसानों को मिल रही डिजिटल किसान किताब की सुविधा
- जामगांव शिविर किया गया वितरण

जिले के ग्राम जामगांव में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 59 किसानों को डिजिटल किसान किताब वितरित की गई। राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं डिजिटल सेवाओं से जोड़ना है। डिजिटल किसान किताब के माध्यम से किसान अपनी भूमि संबंधी जानकारी ऑनलाइन कभी भी और कहीं से भी प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा भुइया पोर्टल पर उपलब्ध है, जहां से किसान आसानी से अपनी जानकारी देख और डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल प्रणाली में भूमि संबंधी विवरण स्वतः अपडेट होते रहेंगे, जिससे कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।




#### वैधता और पारदर्शिता बनी रहेगी

पटवारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाणित प्रति मिलने से दस्तावेजों की वैधता और पारदर्शिता बनी रहेगी। ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध होने से किसानों को बैंक ऋण, फसल ऋण और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

### शपथ पत्र

मैं निलेश सेठिया (NILESH SETHIYA) पिता सुन्दरलाल सेठिया (SUNDAR LAL SETHIYA) निवासी सुण्डीपारा नगरनार तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर, छ.ग. पिन 491001 आधार नंबर 2815 1121 6825 निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2 यह कि मेरे नाम पर एक वाहन का ड्राईविंग लाईसेंस जारी किया गया है जिसका क्रमांक CG1720020000599 जिस पर मेरा नाम निलेश सेठिया पिता स्व. सुन्नलाल तथा पता ग्राम नगरनार तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर, छ.ग. दर्ज हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरे नाम पर भारत शासन द्वारा मेरे नाम पर आधार कार्ड जारी किया गया है जिस पर मेरा नाम निलेश सेठिया (NILESH SETHIYA) पिता सुन्दरलाल सेठिया (SUNDAR LAL SETHIYA) निवासी सुण्डीपारा नगरनार तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर, छ.ग. पिन 494001 दर्ज है।
4. यह कि मैं अपना नाम, पिता का नाम तथा पता जो कि मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है उसी को अपने लाईसेंस पर दर्ज कर लाईसेंस का रिनिवल /अपडेट कराना चाहता हूं। मैं कथन करता हूं कि यदि मेरे नाम, पिता के नाम तथा पता से संबंधित किसी भी प्रकार का वाद या विवाद होता है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरी होगी।
5. यह कि उक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > लिगामेंट के दर्द
> गोल्फ एल्बो > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



सत्य, अहिंसा धर्म हमारा- नवकार हमारी शान है
महावीर जैसा नायक पाया- जैन हमारी पहचान है
भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Where Luxury Meets Nature
SWASTIK ANANDA
Swastik Anandam
FEEL THE DIFFERENCE, LIVE THE LUXURY
CHITRAKOTE, JAGDALPUR
CONTACT: 7797782000, 7797752000
• Banquet hall -6000+squfet
• Marriage lawan-30000+squfet
• Disco -area
• Restaurant pure veg
• Swimming pool
• Rain shower dance
• Coffee house, Cyclling And many more




कीर्ति ट्रेडर्स एण्ड पैकर्स
सेमरा, जगदलपुर
SLJ
नाम है विश्वास का
।।श्री लुंकड़ ज्वेलर्स।।
पैलेस रोड, जगदलपुर




भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनूप जैन
रुपेश जैन
राहुल मोदी
संजय जैन
अभिषेक जैन
अनूप जैन
निखील जैन
भगवान महावीर जी की शिक्षा एवं उपदेश हमें धर्म के मार्ग पर चलकर, मानव कल्याण की सदैव प्रेरणा देते हैं।
श्री दिगम्बर जैन समाज, जगदलपुर




भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
BHAGYASHREE
WOMEN'S WEAR
•प्रकाश-सुनीता•प्रशांत•प्रतीक बोथरा
सभी सांस लेने वाले, मौजूदा, जीवित, संवेदनशील प्राणियों को न तो मारा जाना चाहिए, न ही उनके साथ हिंसा की जानी चाहिए, न ही उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाना चाहिए, न ही उन्हें पीड़ा दी जानी चाहिए, न ही उन्हें भगाया जाना चाहिए।
महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।
मेन रोड, जगदलपुर. मोबाइल- 8120747422, 9425258760




भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जिन्होंने पंच इंद्रियों को जीत लिया,
जैन धर्म का जिन्होंने प्रसार किया
जिनका आज है जन्मकल्याणक,
अहिंसा परमो धर्म के जो हैं नायक
जिओ और जीने दो का जिन्होंने दिया नारा,
ऐसे वीर, अतिवीर,
सन्मति, महावीर को नमन हमारा
VARYA
Pratapganj Para, Jagdalpur, Bastar (C.G.), Contact- 09575222888




"सत्य-अहिंसा धर्म हमारा, नवकार हमारी शान है,
महावीर जैसा नायक पाया, जैन हमारी पहचान है"
महावीर जन्मकल्याणक
की हार्दिक शुभकामनायें
प.पू. श्री प्रशांत सागर जी म.सा.
प.पू. श्री भक्तिवर्धन सागर जी म.सा.
पारख परिवार - जगदलपुर | विजय स्टोर्स - जगदलपुर




भगवान महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जनता हार्डवेयर
जनता एग्रो
जनता पावर टूल्स
गोल बाजार, जगदलपुर, मोबा. 9301110111
महावीर जयंती के इस शुभ दिन पर मै प्रार्थना करता हूँ कि स्वामी महावीर आपको अहिंसा, करुणा और दया का जीवन प्रदान करें।
जय महावीर
विवेक जैन
जगदलपुर




Ankur
SWEETS AND NAMKEEN
भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सत्य, अहिंसा और त्याग पर आधारित भगवान महावीर का तपस्वी जीवन व उनकी शिक्षाएं हमें धर्म के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देती हैं।
ONE SPACE FOR ALL YOUR NEEDS
LODGING | CATERING | LAWN | SWEETS
HOTEL AKANKSHA
हॉटल आकांक्षा, रमैय्या पारा, ओल्ड नरेन्द्र टॉकिज के पास, जगदलपुर

